# अधिष्ठाता कार्यालय

# अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,

# विदिशा एवं संबंद्व चिकित्सालय के लिए

# चार्टर एकाउंटेट (सी.ए.) की सेवाओं हेतु

# ई—निविदा आमंत्रण

## वर्ष 2024—25

**निविदा प्रपत्र मूल्य रु 1000.00**

अधिष्ठाता कार्यालय
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा (म0प्र0)
खेल परिसर के सामने, सांची रोड़, विदिशा म0प्र0 464001 दूरभाष 07592–297001
Email – deangmcvidisha@gmail.com website www.gmcvidisha.org


क्रमांक 4891 /क्रयशाखा/अ.बि.वा.शा.चि.महा./2024 विदिशा, दिनांक: 05/11/2024

## //ई–निविदा आमंत्रण सूचना//

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, एवं संबद्ध चिकित्सालय, विदिशा हेतु चार्टर एकाउंटेट (सी.ए.) की सेवाओं की आवश्यकता है। प्रश्नाधीन अवधि में अंकेक्षणीय कार्य एवं विविध टैक्स संबंधी सलाहाकार कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | विवरण | तिथि एवं समयवार विवरण |
|---|---|---|
| 01 | निविदा ऑन–लाईन प्रकाशन दिनांक | दिनांक 12/11/2024 समय प्रातः 10:00 |
| 02 | निविदा प्रपत्र मूल्य | रू. 1,000/–(एक हजार रूपये मात्र) |
| 03 | धरोहर राशि (EMD) ऑन–लाईन mptenders के माध्यम से | रू. 10,000/–(दस हजार रूपये मात्र) |
| 04 | ऑनलाइन निविदा विक्रय की प्रारंभ तिथि व समय | दिनांक 12/11/2024 समय प्रातः 10:00 |
| 05 | ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 03/12/2024 समय शाम 05:00 |
| 06 | तकनीकि निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 05/12/2024 समय दोपहर 03:00 |
| 07 | वित्तीय निव्रिदा खोलने की तिथि एवं समय | तकनीकि निविदा में पात्र निविदाकर्ता की वित्तीय निविदा खोली जायेगी। वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय www.mptenders.gov.in के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। |

नोट :–

1) निविदा अभिलेख निविदा का मूल्य जमा कर वेबसाइट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2) निविदा में संशोधन/परिवर्तन यदि कोई होगा तो उसे केवल वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा
महाविद्यालय, विदिशा(म.प्र.)

## // निविदा कार्य //

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालय, विदिशा हेतु चार्टर एकांउटेट (सी.ए.) की सेवाओं की आवश्यकता है। प्रश्नाधीन अवधि में अंकेक्षणीय कार्य एवं विविध टैक्स संबंधी सलाहाकार कार्य 03 वर्ष हेतु निविदा का आमंत्रण निम्नानुसार किया जा रहा है।

इच्छुक चार्टर एकांउटेंट (सी.ए.) इस हेतु न्यूनतम वित्तीय दर समस्त कर एवं दायित्वों के साथ प्रदान करने का कष्ट करें।

| क्रमांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1 | शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा की स्वशासी संस्था के वित्तीय 03 वर्ष का अंकेक्षणीय कार्य जिसके अंतगर्त संस्था के समस्त लेन देन को टेली में इन्द्राज करना, वार्षिक आय–व्यय पत्रक, जमा/भुगतान, बेलैंस शीट के साथ निर्धारित प्रारूप में ऑडिट रिर्पोट प्रदान करना, विभिन्न मदवार, बजट तैयार कर लेजर प्रदाय करना, एवं विविध टैक्स के संबंध में सलाहकार संबंधी कार्य, 24 क्यू एवं 26 क्यू की त्रैमासिक आई.टी.रिर्टन करने हेतु, आयकर विभाग द्वारा जारी नोटिस एवं उनका जवाब/निराकरण करना फाम–16 तैयार करने हेतु वार्षिक वित्तीय दर एवं अन्य समय–समय पर सौंपे गए कार्य। |

प्रभारी लेखाशाखा
अटल बिहारी वाजपेयी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा

अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा

## //चैक लिस्ट//

**निविदा में सफल होने के लिए निविदाकर्ता को निम्न अर्हताएं अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

| कंडिका | अनिवार्य अर्हताएं |
|---|---|
| 1 | मूल निविदा प्रपत्र में प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर व सीलयुक्त होना। |
| 2 | धरोहर राशि (ई0एम0डी0) 10,000/– (रू. दस हजार मात्र ) की प्रति निविदा में संलग्न करना होगा। |
| 3 | निविदा में सम्मलित होने वाले व्यक्ति के आधार कार्ड की छायाप्रति। |
| 4 | निविदा में सम्मलित होने वाले व्यक्ति/संस्था का पेन कार्ड (परमानेंट एकाउंट नम्बर) की छायाप्रति। |
| 5 | Institute Of Chartered Accountants of India (ICAI) के अंतगर्त निविदाकार का पंजीयन होने के प्रमाण–पत्र की छायाप्रति। |
| 6 | फर्म/संस्था का वैध पंजीयन है। |
| 7 | परिशिष्ट 'अ' घोषणा–पत्र। |
| 8 | परिशिष्ट–'ब' निर्धारित प्रारूप एवं राशि में शपथ–पत्र। |
| 9 | निविदाकार संस्था/फर्म/व्यक्तिगत का विगत 03 वर्ष के आयकर रिर्टन 2021–22, 2022–23, एवं 2023–24 की छायाप्रति। |
| 10 | 100/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टेम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में परिशिष्ट 'ब' (शपथ पत्र) मूलतः नोटरी सहित। |
| 11 | एक से अधिक निविदाकारों की दरें समान होने की स्थिती में कार्य अनुभव होने वाली संस्था को प्राथमिकता दी जावेगी। |
| 12 | निविदादाता फर्म द्वारा किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में चार्टर एकांउटेट (सी.ए.) की सेवाओं का कार्य किया गया है तथा संबंधित विभाग द्वारा जारी कार्य आदेश/प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अनुभव 03 वर्ष का अनिवार्य होगा। |

**नोट : निविदाकर्ता द्वारा उक्त दस्तावेज निविदा में संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकर्ता का आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा, जिसकी पूर्ण जिबावदारी भागीदारी लेने वाले निविदाकार की होगी।**

## नियम एवं शर्तें :–

1. निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन जमा कर निविदा अभिलेख, वेबसाईट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता हैं। (EMD) धरोहर राशि जमा नहीं करने वाले निविदाकार की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1,000/–है। यह किसी भी स्थिति में वापसी योग्य नहीं है।
3. GST Registration/जी0एस0टी0 नम्बर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. निविदादाता का निविदा कीं शर्तो के एवं संलग्न समस्त प्रपत्र को समस्त पृष्ठों पर हस्ताक्षर सील सहित करना अनिवार्य होगा।
5. फर्म/संस्था के वैद्य पंजीयन/रजिस्ट्रेशन की छांयाप्रति जिसमें निविदाकार का कार्य संबंधी प्रमाण–पत्र।
6. निविदादाता द्वारा ऑनलाईन तकनीकी मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों पर किसी भी प्रकार की कांट–छांट स्वीकार नहीं की जावेगी।
7. ऑनलाईन दर सूची पर निविदादाता की फर्म का नाम एवं पूर्ण पता भरना अनिवार्य होगा।
8. निविदा प्रपत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अभिलेखों की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां चैक लिस्ट में दिये क्रमानुसार संलग्न करना आवश्यक होगा।
9. निविदाकर्ता को पुलिस अधीक्षक कार्यालय (मुख्यालय)/संबंधित पुलिस थाने से अपना स्वयं का चरित्र सत्यापन निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. निविदादाता फर्म द्वारा किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में चार्टर एकांउटेट (सी.ए.) की सेवाओं का कार्य किया गया है तथा संबंधित विभाग द्वारा जारी कार्य आदेश/प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अनुभव 03 वर्ष का अनिवार्य होगा।
11. निविदादाता की फर्म का नाम किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था की काली सूची में होने पर उसकी निविदा मान्य नहीं की जायेगी।
12. निविदा अनुबंध तिथि से आगामी 01 (1+1+1) वर्ष के लिये है। कार्य संतोषजनक पाये जानेपर क्रय समिति की अनुशंसा के उपरान्त उसी दर पर आगामी 01 वर्ष आगामी निविदा के अनुबंध निष्पादित होने तक हेतु बढ़ाया जा सकेगा। संबंधित विभाग से शिकायत प्राप्त होने पर निविदा निरस्त कर (Performance Security) सुरक्षा निधि/निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।
13. किसी भी स्थिति में अधिष्ठाता, अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
14. निविदाकार/फर्म/संस्था का पेन कार्ड (परमानेंट एकाउंट नम्बर) की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
15. निविदाकार का पंजीयन Institute Of Chartered Accountants of India (ICAI) के अंतगर्त होना अनिवार्य है, जिसका प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
16. निविदाकार को निविदा में संलग्न प्रारूप अनुसार ही <u>परिशिष्ट 'अ'</u> घोषणा–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

17. निविदाकार को निविदा में संलग्न (परिशिष्ट–'ब') शपथ–पत्रनिर्धारित प्रारूप में 100 रू. के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर मूलतः नोटराईज्ड कराकर प्रस्तुत करना होगा।

18. निविदाकार संस्था/फर्म/व्यक्तिगत का विगत 03वर्ष का आयकर रिर्टन 2021–22, 2022–23, एवं 2023–24

19. निविदाकार द्वारा प्रदाय निविदा दर समस्त कर के साथ प्रस्तुत की जानी होगी।

20. आयकर विभाग द्वारा यदि कोई नोटिस या जुर्माना आता है, तो उसका निराकरण एवं जवाब भी तैयार करना अनिवार्य होगा। जिसके लिये कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।

21. किसी भी समय बिना कारण बताए निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधिष्ठाता, अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा को रहेगा। इस संबंध में किसी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नही होगा।

22. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र विदिशा न्यायालय रहेगा।

23. सफल निविदाकार को कार्य आदेश जारी करने से पूर्व फर्म को अनुबंध सम्पादित करना होगा, अनुबंध एवं नोटरी इत्यादि का सम्पूर्ण व्यय संबंधित निविदाकार फर्म को वहन करना होगा। अनुबंध न किये जाने की दशा में द्वितीय दर प्रदाता निविदाकर्ता से अनुबंध की कार्यावाही की जावेगी।

24. सफल निविदाकार को स्वीकृत दर का 10 प्रतिशत सुरक्षा राशि के रूप में निविदा अवधि से तीन माह अधिक की किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ग्यांरटी/एफ.डी.आर. अधोहस्ताक्षर के नाम से एवं 500 रू के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध सम्पादित करने के पश्चात् कार्य आदेश जारी किया जावेगा। अनुबंध हेतु स्टाम्प का व्यय निविदाकार को ही वहन करना होगा।

25. कार्य संतोषजनक न होने पर अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा।

26. निविदाकार द्वारा प्रस्तुत की गई दर अन्य किसी संस्था में प्रस्तुत की गई दर से अधिक नही होना चाहिए।

27. सफल निविदाकार को माह में दो बार एवं समय–समय पर सूचित किये जाने पर कार्यालय में उपस्थित होना एवं साथ ही अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग करना अनिवार्य है।

28. अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालय, विदिशा में किसी भी प्रकार के जुर्माने की स्थिति निर्मित होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वीकृत निविदाकार की होगी।

29. फर्म/संस्था का ऑफिस अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालय, विदिशा के 100 कि.मी. के दायरे में होना अनिवार्य है।

30. निविदाकार्य में प्रत्येक वर्ष वृद्धि किये जाने के पश्चात् अनुबंध का नवीनीकरण करवाकर जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा
महाविद्यालय, विदिशा(म.प्र.)

## //परिशिष्ट – अ//

## घोषणा–पत्र

| क्र. | फर्म/संस्था | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता फर्म/ संस्था का नाम | |
| 2 | निविदाकर्ता फर्म/संस्था का पता | |
| 3 | दूरभाष क्रमांक/मोबाईल नं. | |
| 4 | अल्टरनेट मोबाईल नं. | |
| 5 | फर्म/संस्था का ई–मेल आई.डी. | |

प्रमाणित किया जाता हैं निविदा शर्ते पढ़ने एवं समझने के पश्चात् ही निविदा की तकनीकि आर्हताऐं कंडिकाओं कों मैं/मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेज पूर्ण रूपेंण सत्य हैं इसमें किसी भीं त्रुटि/लापरवाही/गलत जानकारी/जानकारी छिपाने अथवा सम्बंधित दस्तावेजों कें निविदा में संलग्न न करने पर निविदा अमान्य अथवा निरस्त की जाती हैं तो इसकें लियें मैं/संस्था जिम्मेदार होगी।

निविदाकता के हस्ताक्षर एवं सील

## //परिशिष्ट –ब//

## शपथ–पत्र

(100 रू. के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड कराकर प्रस्तुत किया जानये)

1. मै/हम भारत का/के नागरिक हूँ/हैं।
2. मैं/हम भारतीय संविदा अधिनियम के अनुसार निविदा कार्य के लिए सक्षम हूँ/हैं।
3. मुझे/हमें प्रदेश अथवा प्रदेश के बाहर किसी भी शासकीय, अर्द्ध–शासकीय अथवा केन्द्र शासित संस्था द्वारा प्रतिबंधित/बहिष्कृत/काली सूची में नहीं रखा/किया गया है।
4. मेरे/हमारे द्वारा निविदा की शर्तों के अलावा अन्य कोई शर्तें प्रस्तुत नहीं की गयी है। यदि अन्य कोई शर्तें प्रस्तुत की गयी हैं, तो उसे अमान्य माना जाये।
5. मेरा/हमारा अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा के किसी अधिकारी/कर्मचारी से संबंध नही हैं।
6. मेरे/हमारे द्वारा इस निविदा में भरी मूल्य दर से कम मूल्य दर की निविदा मध्यप्रदेश राज्य के किसी संस्था या कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई है।
7. मेरे/हमारे द्वारा प्रदाय की गई सेवाओं की जिम्मेदारी मेरी/हमारी होगी।
8. मेरे द्वारा प्रस्तुत जानकारी सही है। असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही किए जाने पर मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा।

दिनांक :–

**गवाह के हस्ताक्षर**

निविदाकार के हस्ताक्षर

1 गवाह का नाम ..................................

पता ..................................
..................................

संस्था के समक्ष अधिकारी का नाम ..................

पता ..................................
..................................

2 गवाह का नाम ..................................

पता ..................................
..................................

संस्था का नाम, पता एवं मोबाईल नं0
..................................
..................................

गवाह के हस्ताक्षर